
सुहासिनाम् सुमधुरभाषिणीम्,
सुखदाम् वरदाम् मातरम्। वन्दे मातरम् ।।2।।
कोटि-कोटि कण्ठ कल-कल निनाद कराले,
कोटि-कोटि भुजैर्धृत खरकरवाले,
के बॉले माँ तुमि अबले,
बहुबलधारिणीं नमामि तारिणीम्,
रिपुदलवारिणीं मातरम्। वन्दे मातरम् ।।3।।
वाणी विद्यादायिनी, नमामि त्वाम्
नमामि कमलाम्, अमलाम् अतुलाम्,
सुजलां सुफलां मातरम्। वन्दे मातरम् ।।5।।
श्यामलाम् सरलाम् सुस्मिताम् भूषिताम्,
धरणीम् भरणीम् मातरम्। वन्दे मातरम् ।।6।।
श्री बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय

जिला स्तरीय युवा उत्सव वर्ष 2026–27 में शासकीय नर्मदा महाविद्यालय, नर्मदापुरम के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया।

कार्यालय जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, नर्मदापुरम के पत्र क्रमांक 729/2026 के तारतम्य में आयोजित इस युवा उत्सव का आयोजन शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में “नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत” थीम के अंतर्गत किया गया। इस आयोजन में जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

प्रतियोगिता में शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। समूह लोकगीत प्रतियोगिता में आयुष एवं उनके समूह ने मनमोहक प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कविता लेखन प्रतियोगिता में धर्मेंद्र कटारे ने अपनी प्रभावशाली एवं भावपूर्ण रचना के माध्यम से प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापकों ने विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।